कार्यालय पुलिस नियन्त्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

@CP_Jodhpur CP Jodhpur jodhpurpolice 9530440800
https://jodhpurpolice.rajasthan.gov.in

प्रेस नोट
(दिनांक 14.10.2025)

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर श्री ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु दिनांक 14.10.2025 को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया ।

पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त जिला जोधपुर पश्चिम व श्री शाहीन सी. पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व / मुख्यालय एवं यातायात के सुपरविजन एवं श्री सुनील के पंवार एडीसीपीसी (SICAW)पश्चिम व श्री शुभकरण एडीसीपी सिकाउ पूर्व नेतृत्व के में कालिका पैट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छिंटाकशी आदि घटनाओं की रोकथाम के लिए महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा हेतु शहर की सिटी-बसों /बसों /ट्रेनों/अस्पतालों में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके राजकोप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशों की पालना में कालिका पैट्रोलिंग यूनिट द्वारा स्कूल/ कॉलेज, कोचिंग सेंटर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पार्क एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं/ बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छिंटाकशी आदि घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के साथ साथ दिवाली त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के टेंपो, टैक्सी, सिटी-बसों /बसों /ट्रेनों /अस्पतालों में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत अधिकाधिक राजकोप सिटीजन ऐप एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 का प्रचार- प्रसार करने हेतु ब्रिफ कर रवाना किया गया।

अस्पतालों में दूर दराज गांवों /शहरों से जोधपुर महानगर में निजी एवं एम्स, एमडीएम एमजीएस जैसे बड़े अस्पतालों में मरीजों का इलाज करवाने आते हैं दिन-रात मरीजों के पास रहते हैं अस्पताल परिसर में ही परिजनों/ महिलाओं को रात गुजारनी पड़ती है इस दौरान उनके साथ छेड़छाड़ , छिटाकाशी, चोरी आदि आपराधिक घटनाओं को रोकने तथा असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने पर तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए राजकोप सिटिजन ऐप डाउनलोड करवाना तथा महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 एवं नवीन कानूनों की जानकारी दी गई । साथ ही अस्पताल में कार्यरत मेडिकल स्टाफ तथा मरीजों को भी जानकारी प्रदान की गई।

पुलिस आयुक्त श्री ओम प्रकाश महोदय द्वारा कहा गया कि, " महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को न केवल सुरक्षा प्रदान करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। पुलिस का यह प्रयास समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देगा।"

आमजन से आग्रह है कि आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 व व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

प्रभारी

पुलिस नियंत्रण कक्ष

आयुक्तालय जोधपुर

TRAUMA ZONE